# झारखण्ड लोक सेवा आयोग
## सर्कुलर रोड, राँची–834001

**बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति परीक्षा, (विज्ञापन संख्या–21/2023) के संबंध में आवश्यक सूचना।**

बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति परीक्षा, (विज्ञापन संख्या–21/2023) के अंतिम परीक्षाफल प्रकाशन के उपरान्त अभ्यर्थियों का कोटिवार कट–ऑफ मार्क्स अपलोड कर दिया गया है।

2. अभ्यर्थी स्वयं का प्राप्तांक दिनांक–14.01.2026 से दिनांक–19.01.2026 तक आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध Link- https://jpscotr.com:4448 के माध्यम से अवलोकन कर सकते हैं।

3. अभ्यर्थी अपने उत्तरपुस्तिका के अवलोकन हेतु दिनांक–14.01.2026 से 19.01.2026 शाम 06:00 बजे तक online आवेदन दे सकते है। उक्त तिथि के बाद आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. उत्तरपुस्तिका का अवलोकन दिनांक–20.01.2026 से दिनांक–21.01.2026 तक आयोग कार्यालय में निर्धारित है। जिसके लिए Date एवं Time Slot उपलब्ध कराया जायेगा। उत्तरपुस्तिका के अवलोकन हेतु निर्धारित तिथि एवं समय को उपस्थित नहीं होने पर अन्य तिथि को उत्तरपुस्तिका का अवलोकन नहीं कराया जायेगा।

5. उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन के अवलोकन हेतु अभ्यर्थियों को प्रति पत्र (Paper) रू0 20/–(बीस रूपये) मात्र का शुल्क देय होगा। यह राशि क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग/चालान/Wallet/Bhart QR/UPI के माध्यम से SBI Collect पर स्वीकार किये जायेंगे। जिससे संबंधित सूचना आयोग के **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

6. अभ्यर्थी उत्तरपुस्तिका अवलोकन हेतु प्रति पत्र (Paper) निर्धारित शुल्क जमा करेंगे। प्रति पत्र (Paper) शुल्क आयोग को प्राप्त होने के उपरान्त ई0मेल के माध्यम से उत्तरपुस्तिका अवलोकन की तिथि संबंधी सूचना दी जायेगी। अभ्यर्थी निर्धारित तिथि के अनुसार उत्तरपुस्तिका के अवलोकन हेतु भुगतान पर्ची (Payment Slip) की प्रति एवं ई0मेल की प्रति के साथ उपस्थित होंगे।

7. उपरोक्त सूचनाएँ प्रेस विज्ञप्ति के निर्गत तिथि से 19.01.2026 तक आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी। संबंधित परीक्षा के अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्तांक एवं कोटिवार कट–ऑफ मार्क्स के संबंध में आयोग से पत्राचार अनावश्यक होगा।

8. उक्त के संबंध में किसी भी त्रुटि/टंकण त्रुटि के संज्ञान में आने पर तत्संबंधी सुधार का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक (प्रभारी),
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।